जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान टिहरी गढ़वाल, नई टिहरी
प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के शिक्षकों का ई–कंटेंट निर्माण प्रशिक्षण
दिनांक 18 से 22 दिसम्बर 2023

कार्यक्रम समन्वयक– श्रीमती सरिता असवाल एवं श्री संजीव भट्ट

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान टिहरी गढ़वाल नई टिहरी की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023–24 में स्वीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए 05 दिवसीय ई–कंटेंट निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। जनपद टिहरी गढ़वाल, नई टिहरी द्वारा दिनांक 18 से 22 दिसम्बर 2023 तक यह प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें कुल 22 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को दीक्षा, मूक्स, गेम बेस्ड लर्निंग जैसे भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे ऑनलाइन ओपन सोर्स प्लेटफॉर्म की जानकारी देना तथा इन प्लेटफार्म के लिए ई–कंटेंट का निर्माण करने का प्रशिक्षण देना है, जिससे इन प्लेटफार्म को अधिक समृद्ध किया जा सके और अधिक से अधिक उच्च गुणवत्ता युक्त ई–कंटेंट का निर्माण कर छात्र–छात्राओं को लाभान्वित कर सकें।

प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर के शिक्षकों के लिए आयोजित इस 05 दिवसीय ई–कंटेंट निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को दिवसवार निम्न बिन्दुओं के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया–

प्रथम दिवस– प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में सर्वप्रथम प्राचार्य डायट द्वारा सभी प्रतिभागी शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए शिक्षकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा प्रशिक्षण का विधिवत् शुभारम्भ किया गया। प्राचार्य द्वारा सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षण में एक्सप्लोर किये जाने वाले सॉफ्टवेयर पर अभ्यास किये जाने के लिए कहा गया साथ ही कंटेंट निर्माण से पहले कंटेंट की स्क्रिप्ट निर्माण पर भी विशेष जोर दिया गया।

प्रथम दिवस में प्रतिभागियों गूगल फार्म पर QR code के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाया गया तथा दीक्षा पोर्टल को एक्सप्लोर करने के साथ ई–कंटेंट के प्रकार व ई–कंटेंट निर्माण के नियम पर भी जानकारी साझा की गई। शाम के सत्र में क्रियेटिव कॉमन्स लाइसेंस पर जानकारी साझा की गई।

द्वितीय दिवस– द्वितीय दिवस में ई–कंटेंट निर्माण के लिए स्क्रिप्ट राइटिंग का अभ्यास किया गया तथा माइंड मैप बनाने के लिए VUE सॉफ्टवेयर पर प्रतिभागियों द्वारा अभ्यास किया गया।

तृतीय दिवस– तृतीय दिवस में कैनवा सॉफ्टवेयर पर प्रतिभागियों द्वारा इन्फोग्राफिक्स व वीडियो निर्माण के लिए अभ्यास किया गया।

चतुर्थ दिवस– चतुर्थ दिवस में वीडियो ऐडिटिंग के लिए वीटा ऐप तथा लूमी को ऐक्सप्लोर किया गया तथा अभ्यास करवाया गया।

पंचम दिवस– प्रशिक्षण के पांचवें तथा अंतिम दिवस में लूमी तथा स्टॉप मोशन एनिमेशन पर अभ्यास करवाया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में प्राचार्य द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रतिभागिता प्रमाणपत्र वितरित किये गये तथा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण में प्रतिभागिता हेतु सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्राचार्य द्वारा सभी प्रतिभागी शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षण के दौरान जिन सॉफ्टवेयर पर अभ्यास करवाया गया है, उन सॉफ्टवेयर का वह अपने–अपने कार्य–स्थल पर भी निरंतर अभ्यास जारी रखेंगे। अंत में प्राचार्य महोदय द्वारा शुभकामनाओं के साथ प्रशिक्षण के समापन की घोषणा की गई।